राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1150

27 जुलाई, 2016 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड की इकाइयों का आधुनिकीकरण

1150. **श्री अमर शंकर साबले:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अंतर्गत कुल इस्पात कारखानों की राज्य-वार संख्या और उनकी उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है;

(ख) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण की इकाइयों में आधुनिकीकरण का काम चल रहा है;

(ग) यदि हां, तो किन-किन इकाइयों में काम हो रहा है; और

(घ) उक्त आधुनिकीकरण को कब तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है तथा आधुनिकीकरण होने के बाद इन इकाइयों की उत्पादन क्षमता क्या होगी, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के संयंत्रों के राज्यवार ब्यौरे उनकी क्रूड इस्पात उत्पादन क्षमता समेत नीचे दिये गये है:

राज्यों के नाम	**इकाई का नाम**	**मौजूदा क्षमता (एमटीपीए)**
छत्तीसगढ़	भिलाई इस्पात संयंत्र	3.93
पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	2.20
	इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर	2.50
	एलॉय इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर	0.23
ओडिशा	राउरकेला इस्पात संयंत्र	4.20
झारखंड	बोकारो इस्पात संयंत्र	4.61
तमिलनाडु	सेलम इस्पात संयंत्र	0.18
कर्नाटक	विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट	0.12

(ख) से (घ) : सेल ने भिलाई (छत्तीसगढ़), बोकारो (झारखण्ड), राउरकेला (ओडिशा) दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) और बर्नपुर (पश्चिम बंगाल) स्थित अपने पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों तथा सेलम (तमिलनाडु) स्थित विशेष इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण और विस्तार कार्य शुरू किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र को छोड़कर आधुनिकीकरण एवं विस्तार योजना के तहत् सभी प्रमुख सुविधाएं पूरी कर ली गई है और उनका स्थिरीकरण किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्रों का विस्तार कार्य दिसम्बर, 2016 तक पूरा किया जाना निर्धारित है। सेल संयंत्रों की उत्पादन क्षमता, जिनके लिऐ आधुनिकीकरण एवं विस्तार शुरू किया गया है, निम्नवत है :-

सेल की यूनिट का नाम	क्रूड इस्पात क्षमता (एमटीपीए में)	
	आधुनिकीकरण एवं विस्तार से पहले	आधुनिकीकरण एवं विस्तार के बाद
भिलाई इस्पात संयंत्र	3.93	7.00
राउरकेला इस्पात संयंत्र	1.90	4.20
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	1.80	2.20
बोकारो इस्पात संयंत्र	4.36	4.61
इस्को इस्पात संयंत्र	0.50	2.50
सेलम इस्पात संयंत्र	-	0.18

***